Ph. 01746-222336
www.igpgmmv.com
E-mail : igmmvkaithal@gmail.com

कर्मण्येवाधिकारस्ते

# Indira Gandhi (P.G.) Mahila Mahavidyalaya

KAITHAL-136-027 (Haryana)

Ref. No.................. Dated.................

## Memorandum of Understanding

इन्दिरा गाँधी (पी.जी.) महिला महाविद्यालय, कैथल (हरियाणा) एवं संस्कृत भारती हरियाणा न्यास: 1337/2 दीदार नगर, कुरुक्षेत्र (हरियाणा) के बीच विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा का प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से एक सहमतिपत्र (MoU)

**सहमति पत्र (Memorandum of Understanding)**

यह सहमति-पत्र इन्दिरा गाँधी (पी.जी.) महिला महाविद्यालय, कैथल, हरियाणा (जिसे आगे "प्रथम पक्ष" कहा जाएगा) एवं संस्कृत भारती हरियाणा न्यास (जिसे आगे "द्वितीय पक्ष" कहा जाएगा) के बीच पारस्परिक सहयोग के उद्देश्य से दिनांक 29/05/2025 को संपन्न किया गया।

अध्यक्ष,
संस्कृत भारती हरियाणा (न्यास)
कुरुक्षेत्रम

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)

1. उद्देश्य:

इस समझौते का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में संस्कृत भाषा, भारतीय संस्कृति, एवं भारतीय ज्ञान परम्परा के प्रति अभिरुचि जगाना, उनका बौद्धिक एवं नैतिक विकास करना तथा राष्ट्र निर्माण में योगदान देने योग्य बनाना है।

2. सहयोग के क्षेत्र:

दोनों पक्ष निम्नलिखित क्षेत्रों में आपसी सहयोग हेतु सहमत हैं:-

1. संस्कृत भाषा शिक्षण ऑनलाइन/ ऑफलाइन राष्ट्रीय/अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी/कार्यशालाएँ/प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन।

2. भारतीय ज्ञान परम्परा जैसे वेद, उपनिषद, आयुर्वेद, गणित, ज्योतिष, दर्शन आदि विषयों पर विशेष व्याख्यान एवं संगोष्ठियों का आयोजन।

3. संस्कृत सप्ताह, संस्कृत दिवस आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयुक्त आयोजन।

4. विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के लिए संस्कृत संभाषण वर्ग का संचालन।

अध्यक्ष,
संस्कृत भारती हरियाणा (न्यास)
कुरुक्षेत्रम्

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)

5. द्वितीय पक्ष द्वारा अध्ययन सामग्री, विशेषज्ञ संसाधन व्यक्ति (Resource Persons), एवं प्रशिक्षण उपलब्ध कराना।

6. आवश्यकतानुसार संयुक्त शोध, प्रकाशन एवं प्रोजेक्ट्स का संचालन।

3. भूमिका एवं उत्तरदायित्वः-

प्रथम पक्ष (महाविद्यालय):

आवश्यक स्थान, संसाधन, एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान करेगा।

इच्छुक विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को कार्यक्रमों में भाग लेने हेतु प्रेरित करेगा।

द्वितीय पक्ष के साथ समन्वय हेतु एक नोडल अधिकारी नियुक्त करेगा।

द्वितीय पक्ष (संस्कृत भारती):

विशेषज्ञ वक्ताओं, प्रशिक्षकों एवं शैक्षणिक सामग्री की व्यवस्था करेगा।

प्रशिक्षण कार्यशालाओं एवं संभाषण कक्षाओं का संचालन करेगा।

संस्कृत भाषा एवं भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रचार-प्रसार का कार्य करेगा।

अध्यक्ष:
संस्कृत भारती ... कुरुक्षेत्र

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)

4. कार्यकाल (Duration):-

यह समझौता प्रारंभिक रूप से 03 (तीन) वर्षों के लिए प्रभावी रहेगा, जिसे पारस्परिक सहमति से आगे बढ़ाया जा सकता है।

5. समाप्ति की शर्तें (Termination Clause):

यदि किसी पक्ष को इस समझौते से हटना हो तो वह 30 दिन पूर्व लिखित सूचना देकर सहमति पत्र समाप्त कर सकता है।

6. विवाद समाधान (Dispute Resolution):

सहयोग में उत्पन्न किसी भी विवाद को दोनों पक्ष आपसी वार्ता एवं सौहार्दपूर्ण समझौते से सुलझाने का प्रयास करेंगे।

7. वैधानिकता (Legality):-

यह समझौता केवल शैक्षणिक एवं सामाजिक उद्देश्य हेतु है एवं इसका कोई कानूनी दायित्व नहीं होगा।

अध्यक्षः,
संस्कृत भारती हरियाणा (न्यास)
कुरुक्षेत्रम्

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)

हस्ताक्षरः

प्रथम पक्षः

प्राचार्या

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)

इन्दिरा गाँधी (पी.जी.) महिला महाविद्यालय, कैथल, हरियाणा

दिनांकः ______

द्वितीय पक्षः

अध्यक्ष,
संस्कृत भारती हरियाणा (न्यास)
कुरुक्षेत्र

प्रान्त अध्यक्ष

संस्कृत भारती हरियाणा न्यासः

दिनांकः ____

अध्यक्ष,
संस्कृत भारती हरियाणा (न्यास)
कुरुक्षेत्र

Offg. Principal
I.G. Mahila Mahavidyalaya
Kaithal-136027 (Haryana)